नालन्दा खुला विश्वविद्यालय
Nalanda Open University
Website : nalandaopenuniversity.com
E-mail : nalopuni@sancharnet.in
nou@nou.ac.in

तृतीय तल, बिस्कोमान भवन, पश्चिमी गाँधी मैदान, पटना–800 001
3rd Floor, Biscomaun Bhawan, West Gandhi Maidan, Patna-800 001
Phone No. : 0612–2201013, 2206916
Fax No. : 0612–2201001

बी०एड० संयुक्त प्रवेश परीक्षा, 2019 (CET-BED-2019)

Date : **16.05.2019**

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक–10.03.2019 को आयोजित बी०एड० संयुक्त प्रवेश परीक्षा के सभी सफल अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि प्रथम **एवं द्वितीय** काउन्सिलिंग की समाप्ति के बाद **तृतीय** दौर की काउन्सिलिंग हेतु चयनित अभ्यर्थियों का काउन्सिलिंग पटना स्थित ज्ञान भवन में दि0–17/05/-2019 से दि0–22/5/2019 के बीच आयोजित होगा । प्रथम दिन यह काउन्सिलिंग अपराह्न 2.30 बजे से तथा अन्य दिनों में यह काउन्सिलिंग प्रातः 10 बजे से प्रारम्भ होकर संध्या 6 बजे तक संचालित होगा । अभ्यर्थियों को इस काउन्सिलिंग में भाग लेने के पूर्व 1000/–रूपये की राशि काउन्सिलिंग शुल्क के रूप में तथा 2000/– रूपये की राशि सीट कन्फर्मेशन शुल्क के रूप में अदा करनी होगी । ये दोनों शुल्क का भुगतान ऑनलाईन एस0बी0आई0 कलेक्ट के माध्यम से होगा । यह भुगतान CET-BED Exam Fund में करना होगा, अभ्यर्थियों द्वारा अगर यह भुगतान किसी दूसरे फंड में किया जाता है तो भुगतान स्वीकार्य नहीं होगा ।

तृतीय सूची के अन्तर्गत जिन अभ्यर्थियों का चयन काउन्सिलिंग के लिए किया गया है, उनमें प्रथम **एवं द्वितीय** सूची में Floating विकल्प चयन करने वाले अभ्यर्थी भी हैं । Floating श्रेणी के जिन अभ्यर्थियों ने पूर्व में CET-B.Ed. Exam Fund में काउन्सिलिंग शुल्क एवं सीट कन्फर्मेशन शुल्क जमा कर दिया है, वे अब दूबारा काउन्सिलिंग शुल्क एवं सीट कन्फर्मेशन शुल्क का भुगतान नहीं करेंगे । ऐसे अभ्यर्थी जो प्रथम **एवं द्वितीय** काउन्सिलिंग के दौरान Floating की श्रेणी में रखा था और जिन्हें **तृतीय** सूची में नया कॉलेज आवंटित नहीं हुआ है, वे पूर्व आवंटित कॉलेज में नामांकन ले सकते हैं । सभी अभ्यर्थियों को निम्नांकित प्रपत्रों के साथ काउन्सिलिंग के लिए उपस्थित होना होगा :–

1. CET-BED-2019 का एडमिट कार्ड
2. CET-BED-2019 का अंक पत्र
3. मैट्रिक का मूल अंक पत्र एवं मूल/औपबंधिक प्रमाण पत्र
4. इंटरमीडियेट का मूल अंक पत्र एवं मूल/औपबंधिक प्रमाण पत्र
5. स्नातक का मूल अंक पत्र एवं मूल/औपबंधिक प्रमाण पत्र
6. आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवार होने पर सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत किया गया जाति प्रमाण पत्र ।
7. आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवार होने पर सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत किया गया अद्यतन आय प्रमाण पत्र ।
8. आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवार होने पर सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत किया गया अद्यतन आवासीय प्रमाण पत्र ।
9. सैनिक कर्मचारी कोटा के अन्तर्गत चयन होने पर सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत किया गया सैनिक कर्मचारी प्रमाण पत्र ।
10. दिव्यांग कोटा के अन्तर्गत चयन होने पर सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत किया गया दिव्यांगता प्रमाण पत्र ।
11. आधार या अन्य फोटो पहचान पत्र ।

ह०/–
(एस० पी० सिन्हा)
राज्य नोडल पदाधिकारी
सह कुलसचिव(प०)